समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# WTC Final जीतने के बाद भी साउथ अफ्रीका नंबर 1 नहीं, टेस्ट रैंकिंग मे ऑस्ट्रेलिया का दबदबा कायम।

Publisher

Published on 16 Jun 2025



## 27 साल बाद आईसीसी ट्रॉफी जीतने के बावजूद साउथ अफ्रीका टेस्ट रैंकिंग मे दूसरे स्थान पर ; टीम इंडिया चौथे नंबर पर बनी हुई है।

**नई दिल्ली : साउथ अफ्रीका** ने क्रिकेट इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ते हुए **WTC (वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप) 2023-25** के फाइनल में **ऑस्ट्रेलिया को हराकर** पहली बार टेस्ट चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है। यह जीत **27 साल बाद मिली आईसीसी ट्रॉफी है**, जिसने अफ्रीकी क्रिकेट में नई ऊर्जा भर दी है।

लेकिन इस **ऐतिहासिक जीत के बावजूद,** साउथ अफ्रीका **आईसीसी टेस्ट रैंकिंग मे नंबर 1 नहीं बन** सका। ताजा रैंकिंग के अनुसार, ऑस्ट्रेलिया अभी भी पहले स्थान पर बरकरार है।

**साउथ अफ्रीका की शानदार जीत, लेकिन रैंकिंग मे सिर्फ एक पायदान की बढ़त**

ICC द्वारा जारी नवीनतम टेस्ट रैंकिंग में, **साउथ अफ्रीका को 114 रेटिंग अंक** मिले हैं, जो पहले से एक अंक ज्यादा है। हालांकि यह उन्हें दूसरे स्थान पर पहुंचाने के लिए काफी था, लेकिन **123 अंकों के साथ ऑस्ट्रेलिया** ने अब भी पहला स्थान बनाए रखा है।

**टीम इंडिया की स्थिति, इंग्लैडं से अहम सीरीज की तैयारी**

भारतीय टीम इस समय **चौथे स्थान** पर है। हाल ही में भारत ने **ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैडं** के खिलाफ टेस्ट सीरीज गंवाई थी, जिससे रैंकिंग में नुकसान हुआ। लेकिन अब **20 जून से इंग्लैडं के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज** शुरू हो रही है, जो

भारत के लिए **टेस्ट चैंपियनशिप** में वापसी का बड़ा मौका होगी।

**शुभमन गिल की कप्तानी** में टीम इंडिया इस सीरीज को जीतकर न केवल रेटिंग अंक जुटाना चाहेगी, बल्कि **WTC 2025-27** के लिए एक मजबूत शुरुआत भी करना चाहेगी।

**अन्य देशों की टेस्ट रैंकिंग स्थिति**

| रैंक | टीम | रेटिंग अंक |
|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 123 |
| 2 | साउथ अफ्रीका | 114 |
| 3 | इंग्लैंड | 113 |
| 4 | भारत | 110 |
| 5 | न्यूजीलैंड | 102 |
| 6 | श्रीलंका | 91 |
| 7 | पाकिस्तान | 88 |
| 8 | वेस्टइंडीज | 84 |
| 9 | बांग्लादेश | 79 |
| 10 | आयरलैंड | 64 |
| 11 | अफगानिस्तान | 61 |
| 12 | जिम्बाब्वे | 59 |

**आगे क्या ?**

साउथ अफ्रीका ने यह तो दिखा दिया है कि वे अब भी **टेस्ट क्रिकेट मे शीर्ष स्तर पर मुकाबला कर** सकते हैं, लेकिन **नंबर 1 बनने की राह अभी लंबी है**। दूसरी ओर, ऑस्ट्रेलिया को अपनी बादशाहत बनाए रखने के लिए लगातार अच्छा प्रदर्शन करते रहना होगा।

आगामी टेस्ट सीरीज जैसे कि **भारत बनाम इंग्लैडं** और **पाकिस्तान बनाम ऑस्ट्रेलिया** के मुकाबले रैंकिंग में बड़ा उलटफेर ला सकते हैं।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.